अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 8 जून 2026
द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण-अष्टमी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO.- 08 : MIDDLE

# भरतनाट्यम व मोहिनीअट्टम का संगम देख झूमे दर्शक

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार शाम मेहा बरसे कार्यक्रम में एक ही मंच पर भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम और कथक का संगम देख दर्शक झूम उठे। भरतनाट्यम के विद्यार्थियों ने 'घनाना घनाना' से कार्यक्रम का आगाज किया। भरतनाट्यम गुरु रोबिन ए ने गुरु तनाया भट्टाचार्य के साथ नृत्य कला का प्रदर्शन किया। उन्होंने कथक गुरु अंशु कुमार शर्मा और अतिथि कलाकार मोहिनीअट्टम गुरु करिश्मा केसरी के साथ भरतनाट्यम, कथक और मोहिनीअट्टम का प्रदर्शन किया। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति व अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद